प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

23.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

0000

## रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को भी संबोधित करेंगे। यह रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म–सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

## शिमला कार्निवाल

पहाड़ों की रानी शिमला में कल 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए शिमला नगर निगम और जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रिज मैदान सहित मालरोड पर जगह–जगह पर स्टॉल लगाए जा रहे हैं और इनमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाएं महानाटी भी करेंगी जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। शिमला में आयोजित किए जा रहे इस दूसरे विंटर कार्निवाल में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने आकाशवाणी से बात करते हुए स्थानीय लोगों से इस कार्निवाल को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

## मौसम

प्रदेश में बीते लंबे समय से चले आ रहे सूखे के दौर से अब राहत मिलती नजर आ रही है। बीते कल से मौसम ने करवट बदलनी शुरू कर दी है। रविवार को रोहतांग

दर्रे पर हलकी बर्फबारी से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने आकाशवाणी से बात करते हुए बताया कि आज व् कल प्रदेश के मध्य और पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम खराब रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 27 और 28 दिसंबर को पुरे प्रदेश में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से............**

आज समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **रोहतांग में हल्की बर्फबारी भुंतर से फिर ठप्प हुई उड़ानें। पंजाब केसरी** का शीर्षक है **लाहौल स्पीति व कुल्लू की ऊंची चोटियों पर गिरे र्फ बर्फ के फाहे। आपका फैसला** का शीर्षक है **रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे, ठंड में बढ़ोत्तरी। दिव्य हिमाचल** ने लिखा हैं **हिमाचल में आज से करवट बदलेगा मौसम।**

**गैर हिमाचली भी चला सकेंगे होम स्टे शीर्षक से दैनिक जागरण** ने लिखा है हर्षवर्धन कमेटी की सिफारिशों में थे सिर्फ हिमाचली।

**बिलासपुर–मनाली–लेह रेललाइन को वित्त, रक्षा मंत्रालय की हरी झंडी अमर उजाला** की एक खबर है।

**हिमाचल दस्तक** के अनुसार **सीएम सुक्खू ने रविवार को सचिवालय में निपटाईं फाइलें, विस सत्र के बाद ओकओवर में मिटाई थकान।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं 11 बजे। नमस्कार